**23/08**/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत सेमी क्रायोजेनिक इंजन और इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन जैसी उन्नत तकनीकों के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ रहा है और शीघ्र ही गगनयान मिशन की शुरूआत करेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भारत अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनायेगा। एक वीडियो संदेश में श्री मोदी ने आज राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर वैज्ञानिकों और सभी युवाओं सहित अंतरिक्ष क्षेत्र से जुडे हर व्यक्ति को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अंतरिक्ष क्षेत्र में एक के बाद एक उपलब्धि हासिल कर रहा है और पिछले 11 वर्षों में सरकार ने अंतरिक्ष क्षेत्र में कई सुधार किए हैं।

0000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने की 29 तारीख से जापान और चीन की चार दिवसीय यात्रा पर रवाना होंगे। वे 15वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 29 से 30 अगस्त तक जापान की यात्रा करेंगे। अपनी यात्रा के दूसरे चरण में, प्रधानमंत्री मोदी 31 अगस्त से 1 सितम्बर तक तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (SCO) शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन की यात्रा करेंगे।

0000000000000000000000

बैंकॉक में आयोजित सत्तवनवीं एशियाई बॉडीबिल्डिंग और फिज़िक स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2025 में राज्य की हिलांग याजिक ने 160 सेंटिमिटर महिला मॉडल फिज़िक वर्ग में शीर्ष स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जो राज्य के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने उन्हें बधाई देते हुए उनकी जीत को अरुणाचल प्रदेश और भारत के लिए गौरव का क्षण बताते हुए उनकी निरंतर सफलता की कामना की है।

0000000000000000000000

राज्य से 22 छात्रों ने अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा पास कर हिमाचल प्रदेश के वुड्स पार्क सैनिक स्कूल में प्रवेश प्राप्त कर लिया है। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने वर्चुअली छात्रों को बधाई देते हुए घोषणा की कि वह व्यक्तिगत रूप से उनकी शिक्षा का खर्च उठाएँगे। उन्होंने भारतीय सेना, विशेष कर बैसाखी ब्रिगेड एवं सेला वॉरियर बटालियन की निःशुल्क कोचिंग और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए प्रशंसा की। इन छात्रों में से 13 कक्षा छः और नौ में प्रवेश लेंगे।

0000000000000000000000

भारतीय सेना की गजराज कोर के जवानों ने गत 20 से 21 अगस्त की रात राज्य के RR हिल क्षेत्र में नाईट ऑप्रेशन के दौरान खोपड़ी की हड्डी में फ़्रेक्चर के साथ गंभीर रूप से घायल एक पुलिसकर्मी को बचाया है। रक्षा प्रवक्ता द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार दुर्गम इलाके में अभियान चलाते हुए घायल पुलिसकर्मी को,

सेना की टीम ने प्राथमिक उपचार प्रदान करने के बाद आगे के उपचार के लिए तेजपुर पहुँचाया। इससे सेना, पुलिस और नागरिक प्रशासन के बीच तालमेल का प्रदर्शन हुआ।

0000000000000000000000

पासीघाट विमेन पुलिस स्टेशन ने बाल मजदूरी कर रही एक 8 साल की बच्ची को मुक्त कराते हुए इस संबंध में आरोपी तोली पर्तिन को गिरफ्तार किया है। बच्ची फिलहाल बाल कल्याण समिति (CWC) की देखरेख में है। एक अन्य मामले के तहत, पुलिस ने जेके तांती नामक एक शिक्षक को हॉस्टल के छात्र के साथ कथित तौर पर मारपीट करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। दोशियों के खिलाफ़ भारतीय न्याय संहिता, चाइल्ड लेबर और जुवेनाइल जसटिस अधिनियमों के तहत मामले दर्ज किए गए हैं।

0000000000000000000000

आनिनी के दिबांग आदी परिवार द्वारा आज प्री-सोलुंग फ़ेस्टिवल 2025 का आयोजन किया गया, जिसमें समुदाय के सदस्यों, गणमान्य व्यक्तियों और युवाओं ने भाग लिया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में शीरकत करते हुए दिबांग वैली विधायक मोपी मिहू ने, खेल और उत्सव जैसी गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को जोड़ने के साथ-साथ सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के दिबांग आदी परिवार के प्रयासों की सराहना की।

0000000000000000000000

तीन साल के अंतराल के बाद खेला गया तीन दिवसीय 8वां दोरजी खांडू मेमोरियल जिला स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का आज तवांग के हायर सेकेंडरी स्कूल के पास स्थित ऑडिटोरियम में शानदार समापन हुआ। जिसमें 21 श्रेणियों में 111 मैच खेले गए, जिनमें तवांग जिले के तीन निर्वाचन क्षेत्रों के स्पोर्ट्स क्लब ने हिस्सा लिया।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 14 जिलों तवांग, वेस्ट कामेंग, ईस्ट कामेंग, पापुम पारे, लोअर सुबनसिरी, शी-योमी, अपर सियांग, वेस्ट सियांग, दिबांग वैली, लोअर दिबांग वैली, आंजाव, चांगलांग, तिराप और लोंगदिंग के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलो में अगले 24 घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ बहुत तेज बारिश होने की संभवना है।

0000000000000000000000

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा है कि भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता अभी भी जारी है। उन्होंने कहा कि सरकार देश के किसानों और छोटे उत्पादकों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। आज नई दिल्ली में ईटी वर्ल्ड लीडर्स फोरम 2025 को संबोधित करते हुए, विदेश मंत्री ने कहा कि भारत अमेरिका के साथ बातचीत में अपनी सीमाओं को लेकर स्पष्ट है और अपने राष्ट्रीय हित में ही निर्णय लेगा।

0000000000000000000000